पत्र सूचना शाखा

**(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)**

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

## मुख्यमंत्री ने जनपद चन्दौली में विकास कार्यों तथा कानून व्यवस्था की समीक्षा की

## कलेक्ट्रेट परिसर में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत रुद्राक्ष का पौधा रोपा

## जनपद को टी0बी0 मुक्त करने हेतु योजना के तहत लक्ष्य निर्धारित कर कार्य करें : मुख्यमंत्री

## 'स्कूल चलो अभियान' के तहत बच्चों के अभिभावकों को प्रेरित करते हुये स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ायी जाए

## जनपद के सभी गौ आश्रय स्थलों पर साफ–सफाई तथा गोवंश के खाने–पीने की उत्तम व्यवस्था किये जाने के निर्देश

## नहरों में टेल तक पानी पहुंचाने व रोस्टर के हिसाब से संचालन के निर्देश

## जीरो टॉलरेन्स की नीति के तहत पुलिस अपराधियों के साथ सख्ती से निपटे

## सभी जनपदस्तरीय अधिकारी लोगों की शिकायतें सुनें तथा उनका निस्तारण जनपद स्तर पर ही किया जाए

## सभी विभागीय अधिकारी अपने बेहतर कार्यों की सक्सेज स्टोरी बनाएं

## मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण कर हरित उ0प्र0 बनाने की दिशा में सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने का आह्वान किया

**लखनऊ : 17 जुलाई, 2025**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज जनपद चन्दौली भ्रमण के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों तथा कानून व्यवस्था की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। मुख्यमंत्री जी ने समीक्षा बैठक से पूर्व कलेक्ट्रेट परिसर में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत रुद्राक्ष का पौधा रोपा। उन्होंने प्रदेशवासियों से 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण कर हरित उत्तर प्रदेश बनाने की दिशा में सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने का आह्वान करते हुए सभी से पौधे लगाने और उनके संरक्षण की अपील की।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जनपद को टी0बी0 मुक्त करने हेतु योजना के तहत लक्ष्य निर्धारित कर कार्य करें। टी0बी0 के मरीजों को समय–समय पर पोषण पोटली दें तथा जनपद के सभी जनप्रतिनिधिगण तथा जनपदस्तरीय अधिकारियों को निक्षय मित्र

बनाएं। उन्होंने कहा कि 'स्कूल चलो अभियान' के तहत बच्चों के अभिभावकों को प्रेरित करते हुए स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ायी जाए। बच्चों की स्कूल ड्रेस सहित अन्य सुविधाएं समय से उपलब्ध होनी चाहिए। हर स्कूल पर कम से कम तीन अध्यापकों की ड्यूटी रहे।

मुख्यमंत्री जी ने जनपद के सभी गौ–आश्रय स्थलों पर साफ–सफाई तथा गोवंश के खाने–पीने की उत्तम व्यवस्था किये जाने के निर्देश देते हुए कहा कि गौ आश्रय स्थलों में हरा चारा भी उपलब्ध रहे। प्रत्येक सप्ताह अधिकारियों द्वारा निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाएं ठीक रखी जाएं। उन्होंने नहरों में टेल तक पानी पहुंचाने व रोस्टर के हिसाब से संचालन के निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत की सुचारु व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया।

मुख्यमंत्री जी ने कानून–व्यवस्था की समीक्षा के दौरान कहा कि जीरो टॉलरेन्स की नीति के तहत पुलिस अपराधियों के साथ सख्ती से निपटे। पुलिस आम जनता से बेहतर व्यवहार करे। लगातार पेट्रोलिंग कर सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी की जाए। यदि कोई भी सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करता हुया पाया जाए, तो उसके साथ सख्ती से निपटते हुये कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जनप्रतिनिधिगण तथा निवासियों से लगातार संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का समाधान किया जाए। सभी जनपदस्तरीय अधिकारी लोगों की शिकायतें सुनें तथा उनका निस्तारण जनपद स्तर पर ही किया जाए। सभी विभागीय अधिकारी अपने बेहतर कार्यों की सक्सेज स्टोरी बनाएं।

इस अवसर पर समाज कल्याण राज्य मंत्री श्री संजीव गोंड, सांसद श्रीमती दर्शना सिंह, श्रीमती साधना सिंह, विधायक श्री सुशील सिंह, श्री रमेश जायसवाल एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण तथा वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

————

***PN-CM-Chandauli Visit-Review Meeting-17 July, 2025***